| | | 30-06-2026 (Un-audited) | 31-03-2026 (Audited) | 30-06-2025 (Un-audited) | 31-03-2026 (Audited) |
| 1 | Total income from operations | 1,56,817.38 | 2,76,398.68 | 1,00,486.94 | 8,24,751.56 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 295.85 | 562.68 | 375.85 | 2,078.50 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 295.85 | 562.68 | 375.85 | 2,078.50 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 219.45 | 420.03 | 267.37 | 1,528.30 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 220.08 | 420.61 | 267.75 | 1,528.76 |
| 6 | Equity Share Capital | 417.53 | 417.53 | 405.00 | 417.53 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5,816.53 |
| 8 | Earnings Per Share (in Rs. Per share) - | | | | |
| | 1. Basic | 2.63 | 5.09 | 3.30 | 18.52 |
| | 2. Diluted | 2.63 | 5.09 | 3.30 | 18.52 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of the Company at www.augmont.com/investors as well as on the weebsite of BSE Limited at www.bseindia.com and website of National Stock Echange of India Limiteed at www.nseindia.com respectively.

2 The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at thier respective meetings held on21st September 2026.

3 These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendments) Rules, 2016.

4 The aforesaid financial results can also be accessed by scanning the below Quick Response Code:

**For and on behalf of the Board of Directors**
**Augmont Enterprises Limied**
**(formelry known as Augmont Enterprises Private Limited)**
Sd/-
Mahendrakumar Nemichand Bafna
Whole Time Director
DIN: 00328300

**Date: 21st Septeember 2026**
**Place: Mumbai**

# डोल ग्यारस पर जनसैलाब के बीच जलविहार को निकले ठाकुरजी

## बंजारा डैम पर श्रीकृष्ण का जलवा पूजन, 12 अखाड़ों ने दिखाए करतब

पीपुल्स संवाददाता ● श्योपुर

editor@peoplessamachar.co.in

शहर में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी महापर्व पर परंपरागत डोल शोभायात्रा निकली। इसमें जिले के विभिन्न मंदिरों से आए करीब 50 देव विमान और 12 अखाड़ों के दल शामिल हुए। रास्ते में श्रद्धालुओं ने विमानों का स्वागत कर भगवान के दर्शन किए।

शोभायात्रा दोपहर में शुरू होकर टोड़ी गणेश मंदिर पहुंची, वहां से शाम को बंजारा डैम पहुंची। वहां भगवान श्रीकृष्ण का जलवा पूजन सूर्यदेव की साक्षी में किया गया। शोभायात्रा में शामिल देव विमानों को फूलों, झालरों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। डोल यात्रा



देखने शहरवासियों के साथ जिलेभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। इस पर्व से श्योपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान जुड़ी है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए और ड्रोन से शोभायात्रा की निगरानी की गई।

### अंचल में भी मना डोल ग्यारस

जिले के बत्तीसा मुख्यालय बड़ौदा के विभिन्न मंदिरों से भी विमान बैण्डबाजों के साथ ऐतिहासिक कुण्ड पर पहुंचे। वहां आरती व पूजन के बाद बाजार में पहुंचे। वहां से आरती के बाद अपने अपने मंदिरों के लिए रवाना हो गए। कराहल, वीरपुर में भी भगवान की शोभायात्रा निकाली गई।

### विजयपुर में निकले डोला

डोल ग्यारस का पर्व विजयपुर में भी मनाया गया। इस दौरान नगर के 10 मंदिरों से भगवान को सजे-धजे विमानों में निकले गए। बैंडबाजों की धुनों पर भगवान को क्वारी नदी पर जल विहार के लिए ले जाया गया।

### जलझूलनी एकादशी पर निकली शोभायात्रा

**कराहल।** जलझूलनी (परिवर्तिनी) एकादशी के अवसर पर कराहल क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विभिन्न देवालयों से भगवान श्री कृष्ण को सुसज्जित एवं भव्य विमानों (डोलो) में विराजमान कर गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद बड़े तालाब पर ठाकुर जी को नौका विहार व जलविहार कराया गया। भगवान के दर्शन व जलविहार के अलौकिक दृश्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे तालाब परिसर एवं मुख्य मार्गों पर एकत्र हुए। श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी की आरती उतारी, पूजन-अर्चन किया तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुआ गणेश विसर्जन

**सबलगढ़।** सबलगढ़ शहर में विराजित भगवान गणपति की मूर्तियों का आज डोल एकादशी के दिन प्राचीन तालाब पर विधिवत धार्मिक रीति रिवाज से विसर्जन किया गया। गणेश भक्तों ने लगातार सात दिवस तक सेवा पूजा और अर्चना करने के पश्चात धार्मिक गीत और संगीत के बीच मुख्य मार्ग से निकाल कर शाम करीब 5:00 बजे से 6:00 बजे के मध्य श्री गणेशमूर्तियों का विसर्जन किया गया प्रशासन ने किसी भी दुर्घटना को टालने के लिए तालाब के किनारे ही गणपति की मूर्तियों को गोताखोरों के माध्यम से तालाब में विसर्जित कराया इस अवसर पर थाना प्रभारी सबलगढ़ पंकज मुद्गल द्वारा वार्ड क्रमांक 6 में तालाब के किनारे दोनों घाटों पर बैरिकेट्स लगाकर सभी भक्तों को तालाब के दूर ही रोक लिया गया और किसी भी अनहोनी को टालने के लिए पुलिस की लगातार व्यवस्था की गई स्वयं थाना प्रभारी मौजूद रहकर पूरी व्यवस्था



का निरीक्षण कर रहे थे। यहां यह बताना बहुत जरूरी है कि सबलगढ़ में 25 से अधिक स्थानों पर गणेश पंडाल सजाकर श्री गणेश जी महाराज की विशेष आराधना अर्चना की गई थी आज गणेश विसर्जन के अलावा अनंत चतुर्दशी को भी गणेश विसर्जन किया जावेगा।

## एमडीआर के विरोध में आज नॉन-यूपीआई डे

**ग्वालियर।** दो हजार से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर चार्ज वसूले जाने के विरोध में आज बुधवार को ग्वालियर में नॉन-यूपीआई डे मनाया जाएगा। मप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के आ''ान पर ग्वालियर अंचल के सभी व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन इसमें शामिल होंगे। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, संयुक्त सचिव दीपक पमनानी और कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार 15 अक्टूबर से 2 हजार से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लागू करने जा रही है। व्यापारियों से अपील की गई है कि आज दुकानों पर लगे यूपीआई, क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स को काले कपड़े से ढकें, फोटो सोशल मीडिया पर डालें और दिनभर यूपीआई से न लेनदेन लें, न करें।

# आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

पीपुल्स संवाददाता ● श्योपुर

editor@peoplessamachar.co.in

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में 23 सितंबर को जिले में 11वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' रखी गई है। आयुर्वेद दिवस के पूर्व जिले में आयुष विभाग द्वारा जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिले के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने बच्चों एवं आमजन को संतुलित आहार-विहार, नियमित दिनचर्या तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया।



साथ ही आयुर्वेद एवं आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वस्थ जीवन के महत्व की जानकारी दी गई। आयुर्वेद दिवस के नोडल अधिकारी डॉ. सुग्रीव मीणा ने बताया कि 23 सितंबर को जिले की सभी आयुष संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर आयुष विंग जिला चिकित्सालय परिसर में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

## ट्रेन में छूटा पिट्ठू बैग, आरपीएफ ने लौटाया, यात्री ने जताया आभार

**ग्वालियर।** गाड़ी संख्या 12122 के आगे के जनरल कोच में एक यात्री का पिट्ठू बैग छूटने की सूचना पर आरपीएफ ने तत्परता दिखाई। आरक्षक धूजीराम मीणा ने कुली की सहायता से बैग बरामद कर पोस्ट पर सुरक्षित रखा। मंगलवार को अरविंद यादव पुत्र राम सिंह यादव (29), निवासी पुरेनिया पट्टी, टीकमगढ़ ने पोस्ट पर आकर बताया कि वह हजरत निजामुद्दीन से ललितपुर जा रहा था और बैग गाड़ी में छूट गया था, जिसकी शिकायत 139 पर की थी। पहचान सुनिश्चित कर प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया गया। उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने रोजनामचा लेखक नरपाल सिंह के समक्ष सुपुर्दगी-नामा भरकर बैग चेक कराकर यात्री को सौंपा। यात्री ने बताया कि बैग की कीमत करीब 2000 रुपये है और आरपीएफ का आभार जताया।

## गर्भवती माताओं, बच्चों को शत-प्रतिशत पोषण आहार देने के निर्देश

**श्योपुर।** आकांक्षी विकासखंड विजयपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति और पोषण आहार वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। इस बैठक में गर्भवती माताओं और बच्चों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार पोषण आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता परियोजना अधिकारी विजयपुर महावीर खटीक ने की। इसमें आकांक्षी ब्लॉक फेलो अखिलेश तोमर सहित सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित सभी संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत गर्भवती माताओं को पोषण आहार वितरण की स्थिति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी पात्र गर्भवती माताओं को शत-प्रतिशत पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें योजनाओं का नियमित लाभ मिल सके। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 6 माह से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार की भी समीक्षा की गई। बच्चों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार नियमित रूप से पोषण आहार वितरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और पोषण संबंधी संकेतकों में अपेक्षित प्रगति लाने पर विशेष ध्यान दिया गया। परियोजना अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में गंभीरता बरती जाए।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष पर पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

युवक ने एसपी आफिस में की शिकायत

पीपुल्स संवाददाता ● शिवपुरी

editor@peoplessamachar.co.in

शिवपुरी के खोड़ क्षेत्र में पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने भाजपा मंडल अध्यक्ष सहदेव लोधी के खिलाफ एसपी कार्यालय में शिकायत की। शिकायत के बाद सहदेव लोधी भी महिला अवस्था लोधी के साथ एसपी कार्यालय पहुंच गया। यहां दोनों ने युवक के आरोपों को नकारते हुए अपना पक्ष रखा।

ग्राम करही दरगवां निवासी रामकृष्ण लोधी ने बताया कि उसकी पत्नी अवस्था लोधी को भाजपा मंडल अध्यक्ष सहदेव लोधी 16 सितंबर को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। रामकृष्ण का आरोप है कि 18 सितंबर को सहदेव उसकी पत्नी और बच्ची के



साथ 10-12 लोगों को लेकर उसके घर पहुंचा और उसके साथ विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रामकृष्ण की शिकायत के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष सहदेव लोधी भी अवस्था लोधी के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे। सहदेव ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि अवस्था लोधी रिश्ते में उसकी भांजी लगती है। उनका कहना है कि अवस्था का अपने पति रामकृष्ण के साथ विवाद चल रहा था और रामकृष्ण उसके साथ मारपीट कर पैसों की मांग करता था। इसी वजह से अवस्था घर से चली गई थी। उसे कांग्रेसियों ने भड़का दिया। अवस्था लोधी ने भी अपने पति रामकृष्ण पर मारपीट करने और दहेज की मांग करने के आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि पति के व्यवहार से परेशान होकर वह घर से गई थी। इधर, भौंती थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति रामकृष्ण लोधी के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अब दोनों पक्षों की शिकायतों और लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

# थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

पीपुल्स संवाददाता ● सबलगढ़

editor@peoplessamachar.co.in

आज सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबलगढ़ में कक्षा 9 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य उमंग कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी सबलगढ़ पंकज मुद्गल ने कानून और पुलिस सहायता की जानकारी प्रदान की उन्होंने बच्चों को बताया कि सबसे पहले हमें हमेशा सतर्क और सावधान रहना चाहिए और अपने



आसपास की घटनाओं पर नजर रखनी चाहिए फिर भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं ऐसी स्थिति में पीड़ितों को तुरंत शिकायत करनी चाहिए इसके लिए सरकार द्वारा और पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं इसमें मुख्य रूप से बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए साइबर सुरक्षा के लिए पुलिस कार्रवाई करने को तत्काल तत्पर है इसके लिए पुलिस ने महिला अधिकारियों की भी नियुक्ति की हुई है उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों को समझाया के किसी भी घटना के बाद भी अपनी उमंग कम नहीं होने दे शिकायत के पश्चात अपना सामान्य जीवन जियें और पढ़ाई पर लगातार ध्यान दें इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मानंद शर्मा सहित अनेक शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने क्रीड़ा परिसर के अधीक्षक को हटाया

### छात्रवृत्ति की राशि में गड़बड़ी करने की शिकायत पर कार्रवाई

**श्योपुर।** आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर में मिली अव्यवस्थाओं के बाद कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर अधीक्षक धीरज रावत को अधीक्षकीय प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने रावत को अधीक्षक पद से हटाकर उनकी मूल संस्था शास. हाईस्कूल जाखदा के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। गत दिवस कलेक्टर शीला दाहिमा ने आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर के छात्रावास का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर में सफाई का अभाव पाया गया। इसके अलावा बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिए जाने की स्थिति भी सामने आई। छात्रवृत्ति की 10 प्रतिशत राशि बच्चों को नहीं दिए जाने की बात सामने आने के बाद कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त ट्राइबल ने अधीक्षक धीरज रावत को अधीक्षकीय प्रभार से मुक्त कर उनकी मूल पदस्थापना शास. हाईस्कूल जाखदा के लिए कार्यमुक्त कर दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं पूनम (POONAM) पत्नी आलोक दैपुरिया, निवासी – बिहाइंड इंदिरा गांधी स्कूल, कुशवाह कॉलोनी, इटावा रोड भिंड, मध्य प्रदेश सूचित करती हूं कि मैं अपना नाम परिवर्तित कर पूनम (POONAM) के स्थान पर पूनम दैपुरिया (POONAM DAIPURIYA) के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा भविष्य में भी मुझे अपने परिवर्तित नये नाम पूनम दैपुरिया (POONAM DAIPURIYA) से जाना व पहचाना जावे तथा भविष्य में अपना नाम पूनम दैपुरिया (POONAM DAIPURIYA) का लेख करूंगी जो कि सत्य व सही है।

सत्यापित शपथ पत्र क्र. BR 956214

## पुलिस ने 5 साल के बच्चे को बरामद कर कोर्ट में पेश किया, मां को मिली कस्टडी

पीपुल्स संवाददाता ● ग्वालियर

मो.नं. 9644644430

हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस ने करीब पांच साल के बच्चे को कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने बच्चे को उसके पिता के घर से बरामद किया था। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका बच्चे के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए विचारणीय है।

कोर्ट ने पिता और दादा को सुनने के बाद बच्चे की अस्थायी कस्टडी उसकी मां को सौंपने के निर्देश दिए हैं।8मामला छाया बनाम मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य से संबंधित है। पुलिस के अनुसार महाराजपुरा थाना की सब इंस्पेक्टर क्षमा राजोरिया पुलिस टीम के साथ बच्चे के पिता के घर पहुंचीं। पुलिस को देखकर पिता घर से चला गया। घर के एक कमरे में बच्चा टीवी देखता मिला, जबकि उसके दादा-दादी भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने बच्चे को अपने कब्जे में लेकर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया, जहां से उसे चाइल्ड केयर सेंटर भेज दिया गया।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस अधिकारी के सिविल ड्रेस में उपस्थित होने पर आपत्ति जताई। वहीं, कोर्ट ने पाया कि बच्चे के पिता कोर्ट में उपस्थित नहीं थे और उन्होंने कोई अधिवक्ता भी नियुक्त नहीं किया था। याचिकाकर्ता के बयानों में भी कुछ विरोधाभास पाए गए। उसके पिता ने कोर्ट को बताया कि वह अपने दो बेटों और उनके परिवार के साथ संयुक्त रूप से रहते हैं। कोर्ट ने पुलिस को बच्चे के पिता और दादा की 22 सितंबर को कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## वर्दी में रील नहीं चलेगी: पीएचक्यू के बाद एसएसपी की पुलिसवालों को नसीहत

### बैठक में कहा- गोपनीयता लीक पर होगी कार्रवाई

पीपुल्स संवाददाता ● ग्वालियर

मो.नं. 9644644430

सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर अब शिकंजा। एसएसपी धर्मवीर सिंह ने सोमवार को कंट्रोल रूम में पीएचक्यू की नई गाइडलाइन पर बैठक ली।

एएसपी सुजावल जग्गा, आरआई रणजीत सिकरवार और सोशल मीडिया पर सक्रिय पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एसएसपी ने साफ कहा- वर्दी में रील, फोटो, वीडियो बनाकर पोस्ट करना बंद करो। जांच, फील्ड क्राफ्ट, विवेचना तकनीक या संवेदनशील केस की जानकारी सार्वजनिक न करें। कोई भी गोपनीय विभागीय जानकारी चैट जीपीटी या एआई प्लेटफॉर्म पर शेयर न करें। सरकारी वाहन, ऑफिस, आवास को निजी प्रचार या इमेज बिल्डिंग के लिए इस्तेमाल न करें। शासन की नीतियों पर अनधिकृत टिप्पणी से बचें, वरिष्ठों और सहकर्मियों से गरिमा से पेश आएं। पोस्ट करने से पहले सत्यता और प्रभाव सोचें। आधिकारिक जानकारी सिर्फ अधिकृत माध्यम से ही जाएगी। गाइडलाइन तोड़ने पर कार्रवाई तय है।

## जन सुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनीं

पीपुल्स संवाददाता ● दतिया

editor@peoplessamachar.co.in

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यलय के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 80 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में



निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई के दौरान एसडीएम दतिया सुश्री सोनाली राजपूत, एसडीएम सेवढ़ा अशोक अवस्थी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरभि जैन सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क पैच की एनएसवी जांच रिपोर्ट और रिकॉर्ड हाईकोर्ट में पेश

### 5 अक्टूबर को होगी सुनवाई

पीपुल्स संवाददाता ● ग्वालियर

मो.नं. 9644644430

हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में शहर की सड़क गुणवत्ता से जुड़े मामले में 30 अगस्त 2026 को हुई नेटवर्क सर्वे व्हीकल जांच की रिपोर्ट और डिजिटल रिकॉर्ड पेश किया गया। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया एवं न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने एनएचएआई को जांच से संबंधित रिकॉर्ड की प्रतियां नगर निगम और पीडब्ल्यूडी/राज्य के अधिवक्ताओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान आयोग के चेयरमैन गौरव समाधिया ने 30 अगस्त को कराई गई एनएसवी जांच की हार्डकॉपी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की। यह जांच एजी ऑफिस से विक्की फैक्ट्री रोड पैच, मेहरा टोल से सिकरौदा चौराहा रोड पैच तथा कुलदीप नर्सरी से फूलबाग चौराहे तक के सड़क पैच के संबंध में की गई थी।



आयोग की ओर से कोर्ट को एक बॉक्स भी सौंपा गया, जिसमें एक एक्सटर्नल हार्ड डिस्क और दो पेन ड्राइव थीं। बताया गया कि हार्ड डिस्क में एनएसवी निरीक्षण का रॉ डेटा है, जबकि एक पेन ड्राइव में अंतरिम रिपोर्ट और दूसरी में अंतिम रिपोर्ट है। कोर्ट में खुले बॉक्स को वहीं सील कर दिया गया। आयोग ने बताया कि एनएचएआई ने डिजिटल डेटा की दो प्रतियां उपलब्ध कराई हैं। इनमें से एक प्रति पहले ही मालखाने में जमा की जा चुकी है, जबकि दूसरी प्रति कोर्ट में पेश की गई, जिसे संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सील किया गया। कोर्ट को यह भी बताया गया कि मूल रिकॉर्ड एनएचएआई के पास है। इस पर हाईकोर्ट ने एनएचएआई को निर्देश दिया कि रॉ डेटा वाली एक्सटर्नल हार्ड डिस्क की एक प्रति तथा अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट की दो अलग-अलग पेन ड्राइव की प्रतियां नगर निगम और पीडब्ल्यूडी/राज्य के अधिवक्ताओं को अगले एक-दो दिन में उपलब्ध कराई जाएं। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर 2026 को होगी।

# काउंटर सिग्नेचर नहीं होने से बस संचालन नहीं रोकें: हाईकोर्ट

**ग्वालियर।** हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने अंतरराज्यीय बस परमिट से जुड़े एक मामले में संबंधित अधिकारियों को आवेदन पर विचार कर पात्रता पूरी होने पर दो सप्ताह के भीतर परमिट पर काउंटर सिग्नेचर करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस मिलिंद रमेश फड़के ने अंतरिम व्यवस्था के तहत यह भी स्पष्ट किया कि केवल काउंटर सिग्नेचर न होने के आधार पर वाहन को संबंधित रूट पर चलने से न रोका जाए, बशर्ते परमिट वैध हो और उसकी अन्य शर्तें पूरी की जा रही हों।

यह मामला वाहन क्रमांक वढ-93- इळ-7689 से जुड़ा है। याचिकाकर्ता अजय यादव ने झांसी से पिछोर वाया बिलौवा, पनिहार और दिनारा अंतरराज्यीय मार्ग पर नियमित परमिट क्रमांक 53/24/1996 के नवीनीकरण के बाद काउंटर सिग्नेचर कराने की मांग की थी। परमिट का नवीनीकरण 6 अगस्त 2026 को किया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच 21 नवंबर 2006 को पारस्परिक परिवहन समझौता हुआ था। पूर्व में हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने भी एक मामले में इस समझौते के तहत परमिट जारी करने और काउंटर सिग्नेचर से संबंधित व्यवस्था पर निर्णय दिया था। उक्त आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे वर्ष 2014 में खारिज कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए माना कि संबंधित रूट का बड़ा हिस्सा मध्यप्रदेश के क्षेत्राधिकार में आता है। कोर्ट ने सक्षम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 21 नवंबर 2006 के पारस्परिक परिवहन समझौते और लागू कानून के अनुसार याचिकाकर्ता के आवेदन पर विचार करें। कोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता सभी आवश्यक शर्तें पूरी करता है, तो प्रमाणित आदेश प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर काउंटर सिग्नेचर प्रदान किया जाए। अंतरिम व्यवस्था के तहत कोर्ट ने निर्देश दिया कि काउंटर सिग्नेचर लंबित होने मात्र के आधार पर वाहन को संबंधित मार्ग पर चलने से न रोका जाए। हालांकि, याचिकाकर्ता को परमिट से जुड़ी सभी अन्य वैधानिक शर्तों का पालन करना होगा। आदेश की प्रमाणित प्रति एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**आराध्या डिस्पोज़ल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**

(पूर्व में - आराध्या डिस्पोज़ल इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड)

CIN : U21098MP2014PLC032173

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट ई-1, औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक 1, ए.बी. रोड, देवास (म.प्र.) 455001, ई-मेल: cfo@aaradhyadisposalindustriesltd.in

फोन: 07272-292312, वेबसाइट: www.aaradhyadisposalindustriesltd.in

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **आराध्या डिस्पोज़ल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड** के सदस्यों की **असाधारण आम बैठक (EGM) गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026 को दोपहर 02:00 बजे,** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, प्लॉट ई-1, औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक 1, ए.बी. रोड, देवास (म.प्र.) 455001 पर आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations") के लागू प्रावधानों के अनुसार, EGM की सूचना में निर्धारित कार्यों को संपादित किया जाएगा।

SEBI द्वारा दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 को जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 ("SEBI Circular") के माध्यम से सदस्यों को सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने के संबंध में छूट प्रदान की गई है। अतः कंपनी की EGM की सूचना उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई है, जिन्होंने अपने ई-मेल आईडी को डिपॉजिटरी/आरटीए अथवा कंपनी के साथ पंजीकृत कराया है। EGM की सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.aaradhyadisposalindustriesltd.in** तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

अधिनियम की धारा 108 तथा Companies (Management and Administration) Rules, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित, तथा Listing Regulations के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसार, सदस्यों को EGM बुलाने संबंधी सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर Central Depository Services (India) Limited ("CDSL") द्वारा उपलब्ध कराई गई रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से अपना मत देने की सुविधा प्रदान की गई है। सदस्यों के मतदान अधिकार कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे, जो शुक्रवार, 09 अक्टूबर, 2026 को निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसार होंगे।

इलेक्ट्रॉनिक मतदान के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु **कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 09 अक्टूबर, 2026** है। रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **सोमवार, 12 अक्टूबर, 2026 को प्रातः 09:00 बजे (IST) से प्रारंभ होकर बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026 को सायं 05:00 बजे (IST) समाप्त होगी।** उक्त अवधि के दौरान सदस्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना मत दे सकते हैं। इसके पश्चात CDSL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

वे सदस्य जो EGM में उपस्थित होंगे तथा जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मत नहीं दिया है और अन्यथा मतदान करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, वे EGM के दौरान हाथ उठाकर मतदान (Show of Hands) करने के पात्र होंगे।

सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के पश्चात भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु वे बैठक के दौरान पुनः मतदान करने के पात्र नहीं होंगे। रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में विस्तृत निर्देश EGM की सूचना का हिस्सा है।

कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी द्वारा EGM की सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाने के पश्चात कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा कट-ऑफ तिथि को शेयर धारित करता है, वह **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर अनुरोध भेजकर अपना लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि वह पहले से ही CDSL के साथ रिमोट ई-वोटिंग के लिए पंजीकृत है, तो वह मतदान करने हेतु अपनी मौजूदा User ID एवं Password का उपयोग कर सकता है।

यदि आपको CDSL ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या हो, तो आप **Mr. Rakesh Dalvi**, Sr. Manager (CDSL) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N.M. Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai – 400013 को लिख सकते हैं अथवा **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई-मेल भेज सकते हैं या टोल-फ्री नंबर **1800 21 09911** पर संपर्क कर सकते हैं।

**आराध्या डिस्पोजल इंडस्ट्रीज लिमिटेड** के लिए

हस्ताक्षर/-

**सुरभि सिंह राठौड़**

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक: **22 सितंबर, 2026**

स्थान: **देवास**